हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, रविवार 11 अक्टूबर 2026



जय अग्रोहा

अग्रवाल सेवा संघ चांपा

जय अग्रसेन



श्री अग्रसेन जयंती समारोह 2026

कार्यक्रम

रविवार, 11 अक्टूबर 2026

महाराजा अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा अपरान्ह 4.00 बजे से

स्थानः ओम सिटी स्टेशन रोड से श्रीराम बाड़ा चांपा तक

श्री अग्रसेन जयंती समारोह 2026

समयः रात्रि 8.00 बजे से

स्थानः श्री राम मंगलम् (श्रीराम बाड़ा) चांपा



मा. राकेश अग्रवाल
मुख्य अतिथि
उद्योगपति एवं समाजसेवी
रायगढ़

मा.बजरंग अग्रवाल
विशिष्ट अतिथि
उद्योगपति एवं समाजसेवी
रायगढ़

मा. दिलीप अग्रवाल
विशिष्ट अतिथि
व्यवसायी एवं समाजसेवी
भुक्ता

मा. लोकेश बंसल
विशिष्ट अतिथि
एसडीओपी चांपा

मा. विष्णु मोदी
कार्यक्रम अध्यक्ष
अध्यक्ष, अग्रवाल सेवा संघ चांपा

मा. राज अग्रवाल
सचिव
अग्रवाल सेवा संघ चांपा

मा. श्याम अग्रवाल
कोषाध्यक्ष
अग्रवाल सेवा संघ चांपा

मा. मनोज अग्रवाल (पिंटू)
प्रभारी
अग्रसेन जयंती समारोह चांपा

।। श्री श्री १००८ श्री महाराज अग्रसेन जी की जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं...



रामनारायण मित्तल (गुट्टु भैया)
संरक्षक अग्रवाल सेवा संघ



बजरंग अग्रवाल
संरक्षक
अग्रवाल सेवा संघ



पवन मोदी
संरक्षक
अग्रवाल सेवा संघ



रामनारायण मोदी
संरक्षक
अग्रवाल सेवा संघ



कमल किशोर मोदी
संरक्षक
अग्रवाल सेवा संघ



राजेश अग्रवाल
संरक्षक
अग्रवाल सेवा संघ



विनोद मोदी (सीरिया)
संरक्षक
अग्रवाल सेवा संघ



विनोद अग्रवाल (गैस एजेंसी)
संरक्षक
अग्रवाल सेवा संघ



मनोज मित्तल
संरक्षक
अग्रवाल सेवा संघ



मुरलीधर जयपुरिया
संरक्षक
अग्रवाल सेवा संघ



मोहन मित्तल
संरक्षक
अग्रवाल सेवा संघ



शैलेश बाजोरिया
सदस्य
अग्रवाल सेवा संघ



राजेन्द्र अग्रवाल (राजू)
संरक्षक
अग्रवाल सेवा संघ



किशोर मोदी
पूर्व कोषाध्यक्ष
अग्रवाल सेवा संघ



गोपाल मित्तल
श्री बालाजी डेवलपर्स
संरक्षक श्री नारायणी धाम चांपा



अजय बंसल
अध्यक्ष
अग्रवाल सेवा समिति चांपा



जीवन मोदी
सदस्य, अग्रवाल सेवा संघ



नारायण मित्तल
पूर्व पार्षद, वार्ड क्रमांक 6



राजेन्द्र अग्रवाल (रज्जू)
संचालक यश प्लाई एण्ड हार्डवेयर



विपेन्द्र अग्रवाल
संचालक, जय दुर्गा रूई भंडार



सुमित अग्रवाल
सदस्य अग्रवाल सेवा संघ



अनिल अग्रवाल
आयकर, विक्रयकर सलाहकार



आशुतोष अग्रवाल
संचालक, होटल श्री श्याम



मयंक अग्रवाल (लड्डू)
संचालक बजरंग मेडिकोज

अग्रसेन जी की शोभायात्रा एवं जयंती समारोह में सभी अग्रबंधु सपरिवार सादर आमंत्रित है...

निवेदक : अग्रवाल सेवा संघ चांपा

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 11 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

विभिन्न गांवों और नगरीय क्षेत्रों का दौरा कर विधायक ने सुनी समस्याएं

8



खबर संक्षेप

कल्याणपुर में शिव महापुराण कथा आज से

अकलतरा। कल्याणपुर स्थित माता चौरा परिसर में शिव महापुराण कथा का आयोजन 11 से 19 अक्टूबर तक चलेगी। श्रीधाम वृंदावन से यश पाण्डेय संगीतमय कथा सुनाएंगे। कथा के दौरान प्रतिदिन सुबह तक पूजन एवं रुद्राभिषेक होगा, जिसके बाद दोपहर 3 बजे से कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा के यज्ञाचार्य श्रीधाम वृंदावन से सुंदर मिश्रा रहेंगे। आयोजन की शुरूआत 11 अक्टूबर को कलश यात्रा एवं वेदी पूजन के साथ होगी।

तालदेवरी में जुआ खेलते सात जुआरी पकड़े गए

बिर्रा। बिर्रा पुलिस ने ग्राम तालदेवरी में जुए के फड़ पर दबिश देकर सात जुआरियों को पकड़ा। जुआरियों के कब्जे से 4,327 रुपये नकद जब्त की है। पकड़े गए जुआरियों में विजय कुमार (34), ओमप्रकाश खुंटे (19), राहुल कुमार (25), जावेद बंजारे (28), प्रकाश खुंटे (37), संजीव कुमार बंजारे (43) और संदीप साहू (32) शामिल है। सभी के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

बाइक चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। जिले में मोटरसाइकिल चोरी के मामले में नैला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और उनकी निशानदेही पर चोरी की पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपियों की पहचान सोमनाथ यादव उर्फ बूचू (19), दीपेश कुमार टैगोर उर्फ छोटा (19) और राजकुमार सूर्यवंशी उर्फ सोनू (32) के रूप में हुई है। तीनों ने ग्राम दहकोनी निवासी अमरदास मानिकपुरी की मोटरसाइकिल चोरी की थी। रिपोर्ट के बाद पुलिस नें संदेहियों से पूछताछ की, जिसके दौरान मामले से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए। विवेचना के दौरान तीनों संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना में संलिप्तता स्वीकार की। इसके बाद उनकी निशानदेही पर चोरी की गई पल्सर मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई। तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

5 साल से फरार मारपीट के आरोपी को भेजा जेल

जांजगीर-चांपा। जिले में फरार आरोपियों और स्थायी वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मुलमुला पुलिस ने मारपीट के मामले में पिछले पांच वर्षों से फरार चल रहे स्थायी वारंटी मंगलू राम गोंड को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए फरार आरोपियों एवं स्थायी वारंटियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

नवरात्रि पर नैला में चारपहिया वाहनों की आवाजाही रहेगी प्रतिबंधित, रेलवे स्टेशन आने और जाने वालों के लिए किया गया रूट डायवर्ट


अमेरिका की तर्ज पर बने 'अक्षरधाम' में विराजी मां दुर्गा के आज से होंगे दर्शन


हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवरात्रि पर इस बार जांजगीर के प्रसिद्ध दुर्गा उत्सव में अमेरिका के स्वामी नारायण अक्षरधाम मंदिर की झलक देखने को मिलेगी। श्री श्री दुर्गा उत्सव समिति नैला द्वारा डेढ़ सौ फीट ऊंचा पंडाल तैयार किया गया है। पंडाल के अंदर स्वर्ण महल की तर्ज पर सजावट की गई है। वहीं भटगांव के मूर्तिकारों द्वारा 35 फीट ऊंची मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। माँ भवानी का हीरे-मोती और सोने-चांदी के आभूषणों से अलौकिक राजसी श्रृंगार किया जाएगा। साथ ही जयपुर के डिजिटल वीडियो प्रोजेक्टर्स से चलित झांकी आकर्षण का केंद्र होगा।

रविवार 11 अक्टूबर से पंडाल को भक्तों के लिए खोल दिया जाएगा। आयोजन का यह 43 वां वर्ष है, और अपनी अलग थीम और सजावट के लिए नैला के दुर्गोत्सव की पूरे प्रदेश में ख्याति है। दूर दूर से यहां भक्त दर्शन करने पहुंचते हैं।श्रद्धालुओं की सुविधा और सुगम यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस ने रूट चार्ट और पार्किंग व्यवस्था निर्धारित की है। नवरात्रि में नैला दुर्गा पंडाल मार्ग पर चारपहिया वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बीटीआई चौक से नेताजी चौक और नेताजी चौक से अग्रवाल प्रिंटर्स तक आवागमन बंद रहेगा। नवरात्रि पर्व तक नैला- जांजगीर टाउन में भारी वाहनों का प्रवेश एवं पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। दुर्गोत्सव में होने वाली भीड़ को देखते हुए आयोजक समिति के साथ ही पुलिस और प्रशासन ने भी तैयारी पूरी कर ली है।

शारदीय नवरात्र पर्व के अवसर पर देवी मंदिरों में घट स्थापना के साथ ही आस्था के ज्योत प्रज्जवलित होंगे। नवरात्र पर्व पर जगह-जगह मेला लगेगा, वहीं श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों में उमड़ेगी। जिले के खोखरा स्थित मां मनकादाई मंदिर, चंद्रपुर स्थित मां चंद्रहासिनी मंदिर, अड़भार स्थित अष्टभुजी मंदिर, हरदी स्थित महामाया मंदिर समेत सभी प्रमुख देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाएंगे। देवी आराधना का पर्व इस बार शारदीय नवरात्रि रविवार 11 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहा है। देवी मंदिरों में नवरात्र पर्व के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। रविवार को पूजा-अर्चना के बाद अखंड ज्योत प्रज्जवलित किए जाएंगे। शहर सहित जिले का माहौल भक्तिमय हो गया है। पूजा सामग्री की दुकान में भी भीड़ लग रही है। शारदीय नवरात्र के लिए मंदिरों में रंग-रोगन कर सजाया गया है। कई मंदिरों में आकर्षक लाइट व झालर भी लगाए गए है जिससे मंदिरों की अनोखी छटा बिखर रही है।





रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाता पंडाल व मां दुर्गा की प्रतिमा को फाईनल टच देते मूर्तिकार।

बनाए गए डेढ़ दर्जन पार्किंग प्वाइंट



नैला फाटक, बलौदा एवं सरखो की ओर से आने वाले दर्शनार्थी अपने वाहनों को अपने वाहनों को नैला दशहरा मैदान, नैला बस स्टैंड, पी एन बी बैंक के बगल, गोशाला स्कूल, अग्रवाल प्रिंट्स के सामने नहरिया बाबा रोड के पास निर्धारित पार्किंग स्थल में पार्क करेंगे। बनारी, अकलतरा की ओर से आने वाले दर्शनार्थी शारदा चौक के पास सरस्वती शिशु मंदिर नैला, जय भारत स्कूल तथा हॉलैंड ट्रैक्टर के पीछे, बजरंगी पारा गली, एच पी गैस ओल्ड आर्या मोबाइल में बनाए गए पार्किंग स्थल में वाहन पार्क करेंगे।केरा रोड, खोखरा -सुकली की ओर से आने वाले दर्शनार्थी तहसील चौक स्थित सी-मार्ट परिसर, गणेश समिति ग्राउंड एवं तहसील कार्यालय परिसर में वाहन पार्क करेंगे। चांपा की ओर से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए हाई स्कूल मैदान जांजगीर, डाइट स्कूल, हैंडबॉल ग्राउंड, पुराना अस्पताल जांजगीर, डी ई ओ कार्यालय, तुलसी भवन के सामने तथा नहर पार से नहरिया बाबा रोड के नीचे नैला की ओर जाने वाले मार्ग पर निर्धारित पार्किंग स्थल उपलब्ध रहेंगे।

बिलासपुर से चांपा के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी

नैला दुर्गोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे ने भी विशेष सुविधा देने की तैयारी की है। बिलासपुर से चाम्पा के मध्य नवरात्रि स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग की गई है। रेल्वे ने भी इसे लेकर प्रस्ताव ऊपर भेजा है। बताया जा रहा है कि बिलासपुर और चाम्पा के बीच 16 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक प्रतिदिन स्पेशल ट्रेन के तीन फेरे का प्रस्ताव भेजा गया है। नैला दुर्गोत्सव में छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में त्योहार के दौरान मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में बढ़ने वाली भीड़ के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

वन-वे और प्रतिबंधित मार्ग

नैला स्टेशन जाने वाले यात्रियों के लिए शारदा चौक होते हुए नेमनदास गली से नैला स्टेशन जाने वाला मार्ग वन-वे रहेगा।नैला स्टेशन से जांजगीर आने वाले वाहन अग्रवाल प्रिंटर्स के सामने से नहरिया बाबा रोड होते हुए आवागमन करेंगे। दोनों मार्ग वन-वे रहेंगे।बीटीआई चौक से नेताजी चौक की ओर जाने वाले लिंक रोड पर चारपहिया वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। यह मार्ग वन-वे रहेगा तथा नेताजी चौक से बीटीआई चौक की ओर वाहनों का आवागमन किया जा सकेगा।नेताजी चौक से नैला की ओर अग्रवाल प्रिंटर्स के बीच चारपहिया वाहनों का मार्ग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

गायत्री शक्तिपीठ चांपा में आज से अखंड जाप व ज्योति की होगी स्थापना

चांपा। नगर के गौरवपीठ गायत्री शक्तिपीठ चांपा में शारदीय नवरात्रि पर्व 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक पूरी श्रद्धा, भक्ति के साथ मनाया जाएगा। नौ दिनों तक चलने वाले इस पावन महापर्व के दौरान विभिन्न धार्मिक और आध्यात्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए गायत्री शक्तिपीठ चांपा के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी प्रहलाद राठौर ने बताया कि नवरात्रि के प्रथम दिन यानी 11 अक्टूबर को सुबह ठीक 6 बजे सामूहिक अखंड जाप की शुरुआत की जाएगी। इसके पश्चात सुबह 9 बजे विधि-विधान से अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी, जो पूरे नौ दिनों तक अनवरत प्रज्वलित रहेगी। इस दौरान प्रतिदिन गायत्री परिवार के साधकों द्वारा विशेष साधना और जप-तप किया जाएगा। नौ दिवसीय इस आध्यात्मिक अनुष्ठान का समापन 19 अक्टूबर को नवमी तिथि के दिन होगा। इस अवसर पर अखंड जाप एवं अखंड ज्योति की महापूर्णाहुति दी जाएगी। साथ ही भव्य यज्ञ (हवन) का आयोजन किया जाएगा। विशेष बात यह है कि इस दिन गायत्री शक्तिपीठ में पुंसवन, नामकरण, मुंडन, विद्यारंभ और यज्ञोपवीत जैसे सभी प्रकार के संस्कार पूर्णतः निःशुल्क संपन्न कराए जाएंगे।

अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई एक की मौत, दो हुए घायल



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त मोटरसायकल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए है। घटना मालखरौदा थाना क्षेत्र के पोता के पास की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 10 अक्टूबर को अमनदुला की ओर से पोता निवासी तीन युवक मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 11 बीवी 7014 में सवार होकर सुबह 9:30 बजे पोता की ओर जा रहे थे। तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई। मोटरसाइकिल सड़क किनारे के बबूल पेड़ से जा टकराई। बाइक सवार तीनों युवक लहुलूहान हारे गए। घटना स्थल पर लोगों की भीउ.जुट गई। गंभीर रूप से घायल तीनों युवकों को मौके पर पहुंचे लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद नीरज सारथी पिता केदार सारथी उम्र 18 साल को मृत घोषित कर दिया, जबकि रोशन बैरागी पिता रामप्रसाद,विकास महंत पिता संतोष दास की गंभीर अवस्था को देखते हुए इलाज के लिए डॉक्टर ने रायगढ़ जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मृतक नीरज सारथी का पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। फिर हाल पुलिस घटना की विवेचना कर रही है।

अवैध रेत परिवहन : 3 हाइवा समेत 5 वाहन जब्त

जांजगीर-चांपा। जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देश पर शनिवार 10 अक्टूबर को बम्हनीडीह तहसील क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 3 हाइवा, 1 जेसीबी और 1 लोडर जब्त किए गए। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध रेत कारोबार में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बम्हनीडीह तहसील क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन के मामलों को लेकर कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल पांच वाहन और मशीनें जब्त की गईं। कार्रवाई के समय तहसीलदार प्रशांत पटेल सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। जिला प्रशासन द्वारा जब्त वाहनों और मशीनों से जुड़े दर्ज प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23 (ख) तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के नियम 71 के प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के अनुसार, जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। खनिज नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

सुजाता टी कंपनी से लाखों का पान मसाला जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

बिना वैध लाइसेंस पान मसाला का कारोबार किये जाने की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने नगर के डोंगाघाट के पास सुजाता टी कंपनी से लाखों का पान मसाला जब्त किया हैं।

मिली जानकारी के अनुसार खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने बिना वैध लाइसेंस कारोबार किये किये जाने की शिकायत मिलने पर गोपनीय तरीके से सम्बंधित प्रतिष्ठान के बारे में जानकारी जुटाकर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान दुकान के पीछे गोदाम में रखें लाखों रुपए के पान मसाला को जब्त करने की कार्रवाई की हैं। बताया जाता हैं कि विभाग के अधिकारी दोपहर करीब 12 बजे प्रतिष्ठान पहुंचे और जांच के बाद गड़बड़ी पाए जाने पर दुकान को सील करने कार्रवाई की। साथ ही लाखों के पान मसाला को जब्त किया गया। बहरहाल विभाग की इस कार्रवाई से नगर के व्यापारिक वर्ग में हड़कंप के साथ ही चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया हैं। हालांकि प्रतिष्ठान से जब्त सामान और की गई कार्रवाई के सम्बन्ध में विस्तृत आधिकारिक जानकारी विभाग से प्राप्त होने के बाद ही स्तिथि स्पष्ट हो सकेगी।



गोदाम में जांच व कार्रवाई करती टीम।



श्री श्री 1008 श्री
महाराजा अग्रसेन जी महाराज
की 5150वीं जयंती 11 अक्टूबर की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...


जुगल किशोर लिखमानीया


सुनील लिखमानीया


पवन लिखमानीया


आयुष लिखमानीया


उत्सव लिखमानीया


उमंग लिखमानीया


आव्यांश लिखमानीया

श्री सत्य कौशल ग्रुप अकलतरा



श्री श्री 1008 श्री
महाराजा अग्रसेन जी महाराज
की 5150वीं जयंती 11 अक्टूबर की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...


विजय केडिया
अध्यक्ष- श्री अग्रवाल सेवा समिति


नरेश केडिया
वरिष्ठ भाजपा नेता


नितीन केडिया

विपुल केडिया
कोषाध्यक्ष - भाजपा नगर मंडल

अभिषेक केडिया

डीएल केडिया परिवार अकलतरा



श्री श्री 1008 श्री
महाराजा अग्रसेन जी महाराज
की 5150वीं जयंती 11 अक्टूबर की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...




सुदीप बगड़िया
सुकांत अग्रवाल
प्रिंस अग्रवाल
राहुल अग्रवाल


अशोक अग्रवाल


महेश अग्रवाल


सुनील अग्रवाल


दीपक अग्रवाल

अनिल अग्रवाल
सीए


आशीष अग्रवाल


नैतिक अग्रवाल


दर्श अग्रवाल


आलेख अग्रवाल

दीपक राईस प्रोडक्टस, गोयल विल्डमार्ट
गोयल परिवार अग्रवाल

श्री श्री 1008 श्री
महाराजा अग्रसेन जी महाराज
की 5150वीं जयंती 11 अक्टूबर की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...


सचिन बगड़िया


सौरभ बगड़िया

रायपुर राईस मिल अकलतरा

संकलकर्ता:-
प्रथम केडिया, अरुण केडिया
हरिभूमि प्रतिनिधि अकलतरा
मो.नं.-7000868109



श्री श्री 1008 श्री
श्री महाराजा अग्रेसन जी
की 5150वीं जयंती की
हार्दिक शुभकामनाएं....
-: संकलकर्ता:-




अरुण केडिया **प्रथम केडिया**
हरिभूमि प्रतिनिधि
अकलतरा
मो.नं.-7000868109



श्री श्री 1008 श्री
श्री महाराजा अग्रेसन जी
की 5150वीं जयंती की
हार्दिक शुभकामनाएं....



लक्ष्मी राइस मिल
मिनी माता चौक, तरौद, अकलतरा



श्री श्री 1008 श्री
श्री महाराजा अग्रेसन जी
की 5150वीं जयंती की
हार्दिक शुभकामनाएं....



ओमकार एग्रोटेक, झलमला
पवनसूत एग्रो इंडस्ट्रीज, अकलतरा



श्री श्री 1008 श्री
श्री महाराजा अग्रेसन जी
की 5150वीं जयंती की
हार्दिक शुभकामनाएं....



रसिक बिहारी फूड प्रोडक्ट प्रा.लि.
तरौंद अकलतरा

हरिओम राईस मिल प्राईवेट लिमिटेड
दर्रीघाट, बिलासपुर



श्री श्री 1008 श्री
श्री महाराजा अग्रेसन जी
की 5150जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं....

फर्म:-श्री गिरीराज इण्डस्ट्रीज झलमला (नरियरा)

जय अग्रसेन जय अग्रोहा जय अग्रवाल

श्री श्री 1008
श्री महाराज अग्रसेन जी
की जयंती एवं नवरात्रि की
हार्दिक शुभकामनाएं....

: मुख्य अतिथि :





श्याम संदुर अग्रवाल
अध्यक्ष-नगर पालिका सक्ती

रामवतार अग्रवाल
पूर्व अध्यक्ष-नगर पालिका सक्ती

आनंद अग्रवाल
विधायक प्रतिनिधि

प्रेमचंद सराफ
समाजसेवी

विनोद अग्रवाल
समाजसेवी

राजेश अग्रवाल
शिशु रोग विशेषज्ञ

नरेश गैवाडीन-श्रीमती रीना गैवाडीन
पूर्व अध्यक्ष - पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका सक्ती



अरूण अग्रवाल
सत्यविद्या ज्वेलर्स

अमित अग्रवाल
ठेकेदार

मांगेराम अग्रवाल
शिव बुक सेंटर

गोविन्द कथुरिया
पूर्व अध्यक्ष-अग्रवाल समाज सक्ती

चमन अग्रवाल
(डीएम)

सुनील बंसल
अध्यक्ष-किराना व्यवसायी संघ

मुकेश बंसल
अध्यक्ष-चेम्बर ऑफ कामर्स सक्ती

रवि अग्रवाल
शंकर चावल उद्योग



कमलेश अग्रवाल
श्री अनुराग

दिनेश अग्रवाल
सीए

विजय डायमिया
पूर्व अध्यक्ष-चेम्बर ऑफ कामर्स सक्ती

शिव अग्रवाल (भोंदी)
शिव राईस मिल

मनोज अग्रवाल
महामाया ज्वेलर्स

राधेश्याम अग्रवाल
भोले बाबा राईस मिल

सुमित सराफ
ज्वेलर्स बनवारी लाल प्रेमचंद

पीयूष अग्रवाल



अशोक बंसल
समाजसेवी

संतोष अग्रवाल
मंगल मेडिकल

गुड्डू अग्रवाल
ठेकेदार

विनय अग्रवाल
(लीला)

रवि अग्रवाल
अशोका ट्रेडर्स

पवन अग्रवाल
पवन ट्रांसपोर्ट

विजय मित्तल

राहुल अग्रवाल

बाबा गैवाडीन



चिराग अग्रवाल
भाजपा युवा नेता श्याम प्रेमी

अमीर अग्रवाल(भुरू)
समाजसेवी

मनीष अग्रवाल

अमन अग्रवाल
समाजसेवी

राजेश सराफ
समाजसेवी



संकनकर्ता :
रामनरेश सिंह यादव
महामाया
न्यूज एजेंसी सक्ती
मो. 7000058181

डॉ. जगदीश बंसल



श्री श्री 1008 श्री
महाराजा अग्रसेन जी महाराज
की 5150वीं जयंती की
हार्दिक बधाई एवं समस्त अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन व स्वागत...



मुख्य अतिथि
डॉ. अनिता अग्रवाल
शिक्षाविद् व समाजसेवी, रायपुर

विशिष्ट अतिथि
वैभवी अग्रवाल
चयनित IAS रायपुर

श्रीमती राखी अग्रवाल
अध्यक्ष- अग्रसेन जयंती समारोह

कार्यक्रम विवरण

दिनांक: 11 अक्टूबर 2026

सुबह- आरती एवं पूजा अग्रसेन भवन अकलतरा

शोभायात्रा- शाम 4 बजे
अग्रसेन चौक से
सेठ जानकी लाल लिखमानिया
धरमलाल अकलतरा



श्री विजय केडिया
अध्यक्ष- श्री अग्रवाल सेवा समिति

श्री जुगल लिखमानिया
उपाध्यक्ष - श्री अग्रवाल सेवा समिति

श्री विकास केडिया
सचिव- श्री अग्रवाल सेवा समिति

मनोज अग्रवाल
सहसचिव - श्री अग्रवाल सेवा समिति

श्री गोपेश तुलस्यान
कोषाध्यक्ष - श्री अग्रवाल सेवा समिति

श्रीमती ज्योति अग्रवाल
अध्यक्ष- अग्रवाल महिला समिति



श्रीमती प्रभा मनक्सा | **श्रीमती मिनी केडिया** | **श्रीमती संजू अग्रवाल** | **श्रीमती किरण तुलस्यान** | **श्रीमती रेखा अग्रवाल** | **श्रीमती सुनीता गोयल** | **श्रीमती सरला लिखमानिया** | **श्रीमती ममता अग्रवाल** | **श्रीमती अन्जना अग्रवाल**



श्रीमती रीना केडिया | **श्रीमती कविता केडिया** | **श्रीमती वर्षा अग्रवाल** | **श्रीमती सोनल तुलस्यान** | **श्रीमती चंचल अग्रवाल** | **श्रीमती प्रिया अग्रवाल** | **श्रीमती सिया अग्रवाल** | **श्रीमती पायल अग्रवाल**

जय अग्रसेन — जय अग्रोहा

श्री श्री 1008 श्री
महाराजा अग्रसेन जी महाराज
की 5150 वीं जयंती 11 अक्टूबर की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...




कार्यक्रम

शोभायात्रा-शाम 4 बजे से, मुख्य समारोह शाम 7 बजे से...
स्थान- अग्रसेन भवन हरदीबाजार रोड बलौदा,
जिला-जांजगीर चाम्पा(छ.ग.)



मार्गदर्शक
मान.श्री सुनील अग्रवाल जी

मार्गदर्शक
मान.श्री सतीश अग्रवाल जी



मुख्य अतिथि
श्री लक्ष्मण मुकीम जी
(वरिष्ठ समाज सेवी अकलतरा)



सभाध्यक्ष
श्री दिनदयाल अग्रवाल जी
(वरिष्ठ समाज सेवी अकलतरा)



विशिष्ठ अतिथि
श्री अंकुल लिखमानिया जी
(समाज सेवी अकलतरा)



पूर्व अध्यक्ष
शिवदत्तराय गोयल जी

पूर्व अध्यक्ष
छंगाराम भोजासिया जी

पूर्व अध्यक्ष
बसंत मित्तल जी

पूर्व अध्यक्ष
मीनाराम मित्तल जी

पूर्व अध्यक्ष
फूलचंद मित्तल जी

अध्यक्ष
खेमचंद अग्रवाल

उपाध्यक्ष
किशन गोयल

सचिव
कमल भोजासिया

कोषाध्यक्ष
सतीश गोयल

अध्यक्ष
उपकार गोयल

उपाध्यक्ष
अभय गोयल

उपाध्यक्ष
सुनील गोयल

सचिव
धनराज मित्तल

सहसचिव
अजय भोजासिया

कोषाध्यक्ष
नवीन मित्तल

अध्यक्ष
ज्योति भोजासिया

उपाध्यक्ष
नीतू गोयल

सचिव
कुसुम गोयल

कोषाध्यक्ष
शालू भोजासिया

विनीत :-अग्रवाल सेवा समिति, मारवाड़ी युवा मंच, महिला जागृति मंच बलौदा

खबर संक्षेप

सपिया में धूमधाम से निकली कलश यात्रा, उमड़े श्रद्धालु



सपिया। नवरात्रि के अवसर पर ग्राम सपिया स्थित राम जानकी मंदिर सर्वमंगला दुर्गा उत्सव समिति द्वारा बड़े हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। मां आदिशक्ति की उपासना और आराधना के साथ आयोजित इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धा एवं भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। कलश यात्रा के माध्यम से नवरात्रि पर्व का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मां दुर्गा के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह एवं आस्था के साथ धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभाई तथा मां आदिशक्ति से सुख, शांति, समृद्धि एवं ग्राम की खुशहाली की कामना की। ग्राम सपिया में शारदीय नवरात्रि के आगमन से भक्तिमय माहौल बना हुआ है। सर्वमंगला दुर्गा उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी धार्मिक परंपराओं एवं उत्साह के साथ नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है।

आज मनाई जाएगी अग्रसेन जयंती सक्ती में निकलेगी शोभायात्रा

सक्ती। महाराजा अग्रसेन की जयंती के अवसर पर नगर में विभिन्न भव्य धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में समाज के लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। जयंती के इस विशेष अवसर पर शाम रविवार 11 अक्टूबर को एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसका शहर के विभिन्न स्थानों पर सवागत किया जाएगा। शाम को नगर में महाराजा अग्रसेन की झांकी के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसका जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। शाम ठीक 6 बजे अग्रसेन चौक पर भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज के सैकड़ों लोग शामिल होकर महाप्रभु की आराधना करेंगे। संध्या कालीन मुख्य सांस्कृतिक एवं पारिवारिक कार्यक्रम शुभम ग्रीन्स, हटरी चौक में संपन्न होगा। इस गरिमामयी आयोजन की शोभा बढ़ाने के लिए क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी और चिकित्सकगण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समाजसेवी पवन अग्रवाल,डॉ. सुनील केडिया,डॉ. अंकिता अग्रवाल,डॉ. अंकित पॉलीवाल ने समाज के लोगों और नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

बिर्रा। नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने पुलिस थाना बिर्रा में थाना प्रभारी राजीव श्रीवास्तव की अगुवाई में 9 अक्टूबर को शाम 4 बजे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव ने जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से चर्चा कर नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होने कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ त्योहार मनाएं।

जेठा और सकरेली विस्थापित हो रहे कार्यालय, ग्रामीण परेशान

शहर से दूर हो रहे जिला मुख्यालय के दफ्तर, बढ़ी आमजन की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



सक्ती नया जिला का उद्घाटन 9 सितंबर 2022 को होने के बाद क्षेत्र के लोगों को विकास और सहूलियतों की जो उम्मीदें थीं, वे धीरे-धीरे प्रशासनिक व्यवस्था की दूरियों के कारण निराशा में बदलती जा रही हैं। सक्ती को जिला बने भले भले ही 4 साल बीत गया हो, लेकिन जिला मुख्यालय से लेकर ब्लॉक स्तर तक के कार्यालयों के शहर से दूर (जेठा, डोंगिया और सकरेली) चले जाने के कारण चंद्रपुर, डभरा, मालखरौदा, अड़भार, छपोरा, जैजैपुर, हसौद और दमउधारा क्षेत्र के ग्रामीणों की मुश्किलें कम होने के बजाय कई गुना बढ़ गई हैं।

जिला बनने पर आम जनता को यह आस थी कि अधिकांश जिला स्तरीय कार्यालय सक्ति शहर के आसपास (लगभग 1से 2 किलोमीटर के दायरे में) ही स्थापित होंगे। इससे दूर-दराज से आने वाले लोग आसानी से अपना काम निपटाकर, ब्लॉक मुख्यालय में खरीदारी कर सुगमता से घर लौट सकेंगे। इसके विपरीत, न केवल जिला स्तर के कार्यालय बल्कि ब्लॉक स्तर के कार्यालय भी मुख्य शहर से 8 से 10 किलोमीटर दूर विस्थापित हो रहे हैं।

कार्यालयों का स्थानांतरण- महिला एवं बाल विकास विभाग का ब्लॉक परियोजना कार्यालय और वरिष्ठ कृषि अधिकारी कार्यालय जैसी महत्वपूर्ण इकाइयां अब ब्लॉक मुख्यालय में रहने के बजाय जेठा और डोंगिया की तरफ चली गई हैं।

आने वाले समय में कृषि विभाग का एसडीओ कार्यालय और डीपीओ कार्यालय भी जेठा से और आगे सकरेली शिफ्ट होने जा रहा है।**जनता उठा रही दोहरा नुकसान** : चंद्रपुर, डभरा और मालखरौदा, छपोरा,अड़भार क्षेत्र से आने वाले ग्रामीणों को पहले सक्ती बस स्टैंड पहुंचना पड़ता है। इसके बाद उन्हें जिला मुख्यालय या संबंधित कार्यालय तक जाने के लिए ऑटो या दूसरी बस बदलकर अतिरिक्त राशि खर्च करनी पड़ रही है, जिससे उनके समय और पैसे दोनों का भारी नुकसान हो रहा है।

वापसी की बड़ी समस्या: शाम के समय जिला मुख्यालय या दूरदराज स्थित इन कार्यालयों से वापस लौटते समय स्थिति तब और विकट हो जाती है जब सक्ति शहर पहुंचने के लिए ऑटो तक की सुविधा नहीं मिलती।

जनता में रोष और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल- दूर-दराज से आने वाले ग्रामीण इन परेशानियों से जूझते हुए जनप्रतिनिधियों (दलगत राजनीति से ऊपर उठकर) को कोसने पर मजबूर हैं। ग्रामीणों का दर्द अब खुलकर सामने आने लगा है। टूण्डरी निवासी रमाकांत साहू का कहना है जिला प्रशासन को सभी योजनाएं टूण्डरी, डभरा,चंद्रपुर क्षेत्र को ध्यान में रखकर जिला स्तर के भवन का निर्माण शक्ति के एक दो किलोमीटर के अंदर किया जाना चाहिए। बड़े मुड़पार के सरपंच संघ के उपाध्यक्ष मालखरौदा दिलदार खुटे का कहना है कि सभी कार्यालय सक्ती शहर के एक दो किलोमीटर के अंदर बनना चाहिए तभी दूर दराज के लोगों को सुविधा होगी, या फिरजब यही दूरियां और परेशानियां झेलनी थीं, तो इससे तो अच्छा हमारा पुराना जिला जांजगीर ही था।प्रशासनिक स्तर पर कार्यालयों के लगातार विकेंद्रीकरण या शहर से बाहर जाने की इस प्रवृत्ति ने जिला मुख्यालय की अवधारणा को ही आम जनता के लिए एक चुनौती बना दिया है।

अग्रसेन जयंती समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अग्रवाल सेवा समिति एवं अग्रवाल महिला समिति अकलतरा के तत्वावधान में आयोजित श्री अग्रसेन जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को सेठ जानकीलाल लिखमानिया धर्मशाला में बच्चों एवं प्रतिभागियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें नोट गिनो प्रतियोगिता, ॐ बोलो प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता तथा बॉलीवुड डांस प्रतियोगिता प्रमुख रहीं।

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता को दो वर्गों में आयोजित किया गया। जूनियर वर्ग में एलकेजी से कक्षा पहली तक तथा सीनियर वर्ग में कक्षा दूसरी से पांचवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। वहीं कक्षा दूसरी से छठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए बॉलीवुड डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में निर्णायक एवं सहयोगियों के रूप में संदीप अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, शिवांश अग्रवाल, रजत अग्रवाल, आदर्श लिखमानिया, यश अग्रवाल (कस्तूरी), शालू मित्तल, शगुन तुलस्यान, मोनिका केडिया, आंचल केडिया, सोनम सराफ, पारुल केडिया, रश्मि अग्रवाल (बिल्हा मील), स्वाति अग्रवाल, रितु बगड़िया, श्वेता अग्रवाल, चंचल अग्रवाल, शीतल मुकीम, आकांक्षा कमानिया, रुचि सराफ एवं संध्या केडिया का योगदान रहा।

■ नोट गिनो, ॐ बोलो, फैंसी ड्रेस और बॉलीवुड डांस प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर



पुरस्कृत करते अतिथि।

आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा:- अग्रसेन जयंती समारोह के अंतर्गत 11 अक्टूबर को सुबह 9 बजे फूल बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वहीं समारोह के समापन अवसर पर दोपहर 3 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात 27 सितंबर से 11 अक्टूबर तक आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।समारोह को लेकर समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है। विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों की रचनात्मकता, प्रतिभा और सांस्कृतिक अभिरुचियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

अग्रसेन जयंती समारोह आज, धूमधाम से निकलेगी अग्र कुल शिरोमणि की शोभायात्रा

चाम्पा। नगर के अग्रवाल समाज द्वारा स्थानीय अग्रवाल सेवा संघ एवं अग्रवाल सेवा समिति के तत्वाधान में रविवार 11 अक्टूबर को अग्र वंश संस्थापक श्री श्री 1008 महाराज अग्रसेन जी की 2150 वीं जयंती परंपरानुसार मनाई जावेगी. इस दिन अपरान्ह 4 बजे स्टेशन रोड स्थित ओम सिटी परिसर से गाजे बाजे के साथ अग्र शिरोमणि महाराज अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा श्रीराम मंगलम भवन तक निकाली जाएगी. शोभायात्रा में शामिल समाज के पुरुषों, महिलाओं, युवाओं, युवतियों तथा बच्चों का मार्ग में जगह जगह आत्मीय स्वागत किया जायेगा. यह जानकारी देते हुए अग्रवाल सेवा संघ के अध्यक्ष विष्णु मोदी एवं सचिव राज अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन जयंती समारोह 2026 के मुख्य अतिथि रायगढ़ निवासी सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं वरिष्ठ समाजसेवी राकेश अग्रवाल होंगे. समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में रायगढ़ के ही उद्योगपति व समाजसेवी बजरंगलाल अग्रवाल, भुक्ता निवासी समाजसेवी दिलीप अग्रवाल और चाम्पा के एस. डी. ओ. पी. लोकेश बंसल शामिल होंगे. समारोह की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष विष्णु मोदी करेंगे. संघ ने नगर के अग्र बन्धुओं से अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर निर्धारित ड्रेस कोड में शोभायात्रा में तथा समारोह में अनिवार्य रूप से शामिल होने का अनुरोध किया हैं।



■ शोभायात्रा का जगह जगह होगा भव्य स्वागत

शिक्षा के साथ संस्कार और अनुशासन ही उज्ज्वल भविष्य की नींव : डॉ. चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

श्री महंत लाल दास कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में

■ श्री महंत लाल दास महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन, कुलपति ने विद्यार्थियों को दिया सफलता का संदेश



शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़, छत्तीसगढ़ के कुलपति डॉ. विनय चौहान शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राघवेंद्र प्रताप सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन युधिष्ठिर उपाध्याय ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन योगेश शर्मा द्वारा किया गया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के साथ जीवन में नैतिक मूल्यों, अनुशासन और संस्कारों को अपनाने का संदेश दिया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. विनय चौहान ने कहा कि महाविद्यालय में अध्ययन करने वाला प्रत्येक विद्यार्थी अपने जीवन में किसी न किसी लक्ष्य और मिशन को लेकर आगे बढ़ रहा है। विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व है, क्योंकि शिक्षा ही उन्हें अपने सपनों को साकार करने और समाज में एक बेहतर स्थान प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माता-पिता और परिजन की सच्ची खुशी अपने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ते, सफल होते और अपने लक्ष्य को प्राप्त करते देखने में होती है। माता-पिता अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अनेक त्याग करते हैं। ऐसे में विद्यार्थियों का दायित्व है कि वे अपने माता-पिता के सपनों और अपेक्षाओं को समझें तथा पूरी लगन, मेहनत और ईमानदारी के साथ अध्ययन करें। डॉ. चौहान ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के साथ संस्कारों का होना भी अत्यंत आवश्यक है। केवल डिग्री प्राप्त करना ही शिक्षा का उद्देश्य नहीं होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को अपने ज्ञान, व्यवहार और विचारों से समाज के विकास में भी योगदान देना चाहिए। मुख्य अतिथि डॉ. राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज ने कहा कि विद्यार्थियों को उचित शिक्षा प्रदान करना और उनके भविष्य को संवारने के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण कार्य है। शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी केवल पाठ्यक्रम पूरा कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता विकसित करना भी है। दीक्षारंभ समारोह में विद्यालय के प्राचार्य कमलेश पटेल, उदयराम केवट, निरंजन अग्रवाल एवं सुबोध शुक्ला सहित महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

आम सूचना

सर्व साधारण को इस आम सूचना के जरिये सूचित किया जाता है कि मेरे आसामी सत्या वेंचर्स प्रायवेट लिमिटेड, पता प्लॉट नं. 52, सेक्टर "सी" इंडस्ट्रीयल एरिया, सिरगिट्टी बिलासपुर (छ.ग.) 495004 की ओर से डायरेक्टर श्री प्रमोद कुमार खेड़िया आत्मज श्री चुन्नीलाल खेड़िया ने विक्रेता/खातेदार, राजीव बगड़िया आत्मज श्री सत्यनारायण बगड़िया, जाति अग्रवाल, निवासी- मोदी कालोनी, जवाहरलाल नेहरू रोड, रामगढ कैंट, पोस्ट आफिस, थाना एवं जिला रामगढ कैंट (झारखण्ड) हाल मुकाम - टी.पी. नगर कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) के एकल भूमि स्वामी व हक की मौजा ग्राम -उच्चभट्ठी, पहनं. 01, रा.नि.मं. चाम्पा, तहसील चाम्पा जिला जांजगीर - चाम्पा (छ.ग.) स्थित ख.नं. 232/5 रकबा 1.18 एकड़ में से 0.09 एकड़ भूमि सुगन्धा सीटी के मार्ग में विक्रेता द्वारा उपयोग की गई है, तथा शेष बचत भूमि रकबा 1.09 एकड़ कृषि भूमि दो भागों में विभक्त होकर क्रमशः रकबा 0.49 एकड़ भूमि जिसकी चतुर्दिक सीमा उत्तर में सीताबाई, दक्षिण में सत्या वेंचर्स प्रा.लि. पश्चिम में सत्या वेंचर्स प्रा.लि. पूर्व में चांपा कोरबा मुख्य मार्ग एवं रकबा 0.60 एकड़ भूमि की चौहद्दी उत्तर में सुंगधा सीटी जाने का रास्ता, (जिसपर बचत 9 डिसमिल भूमि का उपयोग मार्ग में किया गया है) दक्षिण में सीताबाई, पश्चिम में सत्या वेंचर्स प्रा.लि., पूर्व में चांपा-कोरबा मार्ग स्थित हैं, को ने क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना की संपूर्ण राशि विक्रेता को अदा कर दिया गया है, निकट भविष्य मे उक्त वर्णित भूमि का पंजीयन कराया जाना है। वर्तमान में मेरे पक्षकार के पक्ष में उक्त वर्णित अचल सम्पत्ति के हस्तांतरण एवं पंजीयन विलेख के निष्पादन की विधिक प्रक्रिया प्रचलन में हैं।

अत: उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति के स्वत्व व अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संयुक्त परिवार/ संस्था / शासकीय/ अशासकीय बैंक/ निकाय/ विभाग इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या भार हो तो अपना उजर दावा, आपत्ति इस ईश्तहार/ आमसूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा के समर्थन में मूल विधिक दस्तावेजो के साथ मेरे उपरोक्त दर्शित पते पर/कार्यालय में आकर अपना दावा आपत्ति कार्यालय समय में आकर प्रस्तुत कर सकते है, 15 दिवस पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा और मेरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित भूमि को अपने पक्ष में पंजीयन विलेख का निष्पादन कराने के लिए स्वतंत्र होगा। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति शून्य व अवैध होने से मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। सो सूचना जाने।

स्थान:- कोरबा
दिनांक :-

संजय शाह
अधिवक्ता कोरबा
मो.नं. 7000697223

आम सूचना

सर्व साधारण को इस आम सूचना के जरिये सूचित किया जाता है कि मेरे आसामी सत्या वेंचर्स प्रायवेट लिमिटेड, पता प्लॉट नं. 52, सेक्टर "सी" इंडस्ट्रीयल एरिया, सिरगिट्टी बिलासपुर (छ.ग.) 495004 की ओर से डायरेक्टर श्री प्रमोद कुमार खेड़िया आत्मज श्री चुन्नीलाल खेड़िया ने विक्रेता/खातेदार, श्रीमती वर्षा बगड़िया, पति श्री राजीव बगड़िया जाति अग्रवाल, निवासी मोदी कालोनी, जवाहरलाल नेहरू रोड, रामगढ कैंट, पोस्ट आफिस, थाना एवं जिला रामगढ कैंट (झारखण्ड) हाल मुकाम - टी.पी. नगर कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) के एकल भूमि स्वामी हक की मौजा ग्राम उच्चभट्ठी, पहनं.- 01, रा.नि.मं. चाम्पा, तहसील-चाम्पा जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) स्थित ख. नं. 232/10 के संम्पूर्ण रकबा 3.37 एकड़/ 1.3560 हेक्टेयर कृषि भूमि जिसकी चतुर्दिक सीमा उत्तर में सुरेन्द्र कुमार पाटले ख.नं. 224/3, दिलेराम मनहरण गोवर्धन ख.नं.224/1, कैलाशचंद अग्रवाल ख.नं. 232/104 व विजय बुधिया ख.नं. 232/9 (पुराना 232/12), दक्षिण में सत्या वेंचर्स प्रा.लि. पश्चिम में सत्या वेंचर्स प्रा.लि. पूर्व में सत्या वेंचर्स प्रा.लि. को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना की संपूर्ण राशि विक्रेता को अदा कर दिया गया है, निकट भविष्य मे उक्त वर्णित भूमि का पंजीयन कराया जाना है। वर्तमान में मेरे पक्षकार के पक्ष में उक्त वर्णित अचल सम्पत्ति के हस्तांतरण एवं पंजीयन विलेख के निष्पादन की विधिक प्रक्रिया प्रचलन में हैं।

अत: उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति के स्वत्व व अंतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संयुक्त परिवार / संस्था / शासकीय/ अशासकीय बैंक/ निकाय/ विभाग इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या भार हो तो अपना उजर दावा, आपत्ति इस ईश्तहार/ आमसूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/ दावा के समर्थन में मूल विधिक दस्तावेजो के साथ मेरे उपरोक्त दर्शित पते पर/कार्यालय में अपना दावा आपत्ति कार्यालय समय में आकर प्रस्तुत कर सकते है, 15 दिवस पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा और मेरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित भूमि को अपने पक्ष में पंजीयन विलेख का निष्पादन कराने के लिए स्वतंत्र होगा। तत्पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति शून्य व अवैध होने से मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। सो सूचना जाने।

स्थान:- कोरबा
दिनांक :-

संजय शाह
अधिवक्ता कोरबा
मो.नं. 7000697223

विभिन्न गांवों और नगरीय क्षेत्रों का दौरा कर विधायक ने सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज : डभरा



चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए जाने और बिजली बिलों में हो रही बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस विधायक राम कुमार यादव द्वारा चलाया जा रहा जनसंपर्क एवं विरोध अभियान शुक्रवार 9 अक्टूबर को संपन्न हुआ। 4 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक निर्धारित इस अभियान के दौरान विधायक ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और नगरीय क्षेत्रों का दौरा कर आम जनता से सीधा संवाद किया तथा बिजली उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं।

अभियान के दौरान विधायक राम कुमार यादव ने स्मार्ट मीटर लगाए जाने और बढ़ते बिजली बिलों को लेकर अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए आम जनता की परेशानियों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर बिजली बिलों में बढ़ोतरी से जुड़ी समस्याओं और स्मार्ट मीटर को लेकर उनकी चिंताओं को सुना। इस दौरान उन्होंने आम उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए जनसमस्याओं को सामने लाने पर जोर दिया। शुक्रवार को अभियान के अंतिम दिन विधायक राम कुमार यादव ने ग्राम कुसुमझर से जनसंपर्क की शुरुआत की। इसके बाद वे नगर पंचायत डभरा पहुंचे, जहां लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। यहां से गोपालपुर होते हुए वे नगर पंचायत चंद्रपुर पहुंचे। चंद्रपुर में जनसंपर्क अभियान के समापन के साथ ही पिछले छह दिनों से चल रहा स्मार्ट मीटर एवं बिजली बिल बढ़ोतरी के विरोध का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

बैठक में कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों की समीक्षा

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर जनकल्याणकारी योजनाओं, जनहित से जुड़े कार्यों एवं लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की।







उठाईगिरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

प्रतापपुर। दो लाख रुपये की उठाईगिरी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नकद 1 लाख 37 हजार रुपए सहित घटना में उपयोग की गई बाइक को जब्त किया है। आरोपियों ने पीड़ित व्यक्ति जो बैंक से रुपए निकाल कर झोला में रखा था तभी आरोपियों ने मौका पाकर घटना को अंजाम देकर फरार हो गए थे। पुलिस ने घटना में शामिल फरार अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम मानपुर खड़गवां निवासी रामसेवक गुप्ता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 18 सितंबर को स्कुटी क्रमांक सीजी 15 सीएक्स 9297 से प्रतापपुर आया था तथा सहकारी व स्टेट बैंक से 2 लाख रूपये निकाल कर प्लास्टिक झोला में रखा था जिसे अज्ञात आरोपीयों द्वारा उठाईगिरी कर फरार हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2),3(5) 112, 238 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।





